# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड

*(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)*

शक्ति भवन, 14-अशोक मार्ग, लखनऊ

CIN: U32201UP1999SGC024928

**संख्या 525-काविनी एवं वे0प्र0-29/पाकालि /2018-6-काविनी एवं वे0प्र0/18** **दिनांक 18 मई, 2018**

## कार्यालय ज्ञाप

दिनांक 16.05.2018 को कार्मिक स्कन्ध के बिन्दुओं पर अध्यक्ष महोदय द्वारा आहूत बैठक के कार्यवृत्त में लिये गये निर्णयानुसार उ0प्र0 पावर कारपोरेशन के विभिन्न श्रमिक संगठनों द्वारा प्रस्तुत वेतन विसंगतियों से सम्बन्धित माँगों/प्रकरणों पर विचार किये जाने के सम्बन्ध में संस्तुतियाँ दिये जाने हेतु एतद्द्वारा निम्नवत् समिति गठित की जाती है :-

1. **श्री अजय अग्रवाल, सेवानिवृत्त, सचिव (वित्त) - अध्यक्ष**
2. **वित्त क्षेत्र के प्रतिनिधि - सदस्य**
3. **श्रीमती गायत्री रस्तोगी, संयुक्त सचिव (काविनी) - सदस्य संयोजक**

(i) उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा वेतनमानों/वेतन बैण्ड-ग्रेड वेतन में विसंगतियों/माँगो के सम्बन्ध में जो प्रकरण विभिन्न समितियों के समक्ष परीक्षणार्थ एवं संस्तुतियाँ दिये जाने हेतु समितियों को सन्दर्भित है एवं साथ ही जिन प्रकरणों में समिति द्वारा परीक्षण किया जा चुका है, उन प्रकरणों तथा पूर्व गठित समिति की आख्या को भी उक्त उच्च स्तरीय समिति के समक्ष विचारार्थ एवं संस्तुतियाँ दिये जाने हेतु सन्दर्भित किया जायेगा।

(ii) उपरोक्त गठित की जाने वाली समिति को आवश्यक अभिलेख एवं सामग्री समिति के संयोजक संयुक्त सचिव (काविनी) द्वारा उपलब्ध कराये जायेगें।

(iii) समिति प्रत्येक प्रकरण पर परीक्षणोंपरान्त 01 माह में अपनी संस्तुतियाँ प्रबन्ध निदेशक महोदया, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 को प्रस्तुत करेगी।

**निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशासन)**

**संख्या : 525-(1)-काविनी एवं वे0प्र0-29/पाकालि/18 तद्दिनांक**

*प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-*

1. अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
3. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
4. निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
5. समस्त निदेशकगण, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
6. श्री अजय अग्रवाल, सेवानिवृत्त, सचिव (वित्त), उ0प्र0 शासन।
7. उप महाप्रबन्धक (लेखा प्रशासन), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
8. श्रीमती गायत्री रस्तोगी, संयुक्त सचिव (काविनी), शक्ति भवन, लखनऊ, उ0प्र0 पा0का0लि0।
9. अधिशासी अभियन्ता (वेब), कक्ष सं0-407, शक्ति भवन, लखनऊ को उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 की वेबसाईट www.uppcl.org पर अपलोड करने हेतु।

(राकेश भट्ट)

**अनु सचिव (का0वि0नी0)**